संख्या-65/2017-2753 ई-2/तेरह-2016-80/2014

प्रेषक,

वेद प्रकाश राय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आबकारी आयुक्त,
उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।

आबकारी अनुभाग-2 लखनऊ:: दिनांक 04 दिसम्बर,2017

विषयः- मेसर्स जुबिलेन्ट लाइफ साइंसेज लि0, गजरौला, अमरोहा को पी0डी0-2 अनुज्ञापन के अन्तर्गत प्रदेश की अन्य आसवनियों से एस0डी0एस0 क्रय कर उससे एथनाल का निर्माण कर पेट्रोलियम डिपुओं को आपूर्ति किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-जी-57/दो-प्रा0डी0-11, दिनांक 18 सितम्बर,2017 तथा पत्र संख्या-जी-70/दो-प्रा0डी0-11, दिनांक 24 अक्टूबर,2017 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आपके उक्त संदर्भित पत्रों में उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव पर सम्यक् विचारोपरान्त मे0 जुबिलेन्ट लाइफ साइंसेज लि0, गजरौला, अमरोहा को राजस्वहित में पी0डी0-2 अनुज्ञापन की शर्त संख्या-1(3) के परिप्रेक्ष्य में नियमानुसार अन्य सुसंगत शर्तें एवं विधियों का पालन सुनिश्चित करने के प्रतिबंध सहित पेट्रोलियम इकाईयों को निविदित एथनाल की आपूर्ति किये जाने के उद्देश्य से प्रदेश की अन्य आसवनियों से 64.00 लाख लीटर एस0डी0एस0 क्रयकर दिनांक 30-11-2018 तक एथनाल निर्माण करने की अनुमति एतद्द्वारा प्रदान की जाती है।

कृपया तदनुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,
(वेद प्रकाश राय)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in